भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2517

जिसका उत्तर दिनांक 16.03.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा के लाभ

2517. श्रीमती लॉकेट चटर्जी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों में तेजी से संक्रमण के लिए परमाणु ऊर्जा के लाभों का दोहन करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह)</u> :

(क) नाभिकीय ऊर्जा 24X7 उपलब्ध आधार भार ऊर्जा का स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल स्रोत है । इसमें विशाल क्षमता है और यह संधारणीय तरीके से देश को दीर्घकालीन ऊर्जा सुरक्षा उपलब्ध करा सकती है । नाभिकीय क्षमता विस्तार कार्यक्रम शुद्ध शून्य अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने के लिए, देश में परिवर्तन लाने वाले साधनों में से एक है ।

(ख) 6780 मेगावाट की वर्तमान संस्थापित नाभिकीय विद्युत क्षमता, निर्माणाधीन और मंजूरी प्राप्त परियोजनाओं के क्रमिक रूप से पूरा होने पर वर्ष 2031 तक 22480 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

* * * * *